(ख) इस प्रकार की असंतोषजनक स्थिति के कारण क्या हैं और इसमें सुधार लाने के लिये क्या उपाय किये जा रहे हैं; और

(ग) इस स्थिति में कब तक सुधार होने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) कुछ समय पहले यह सत्य था परन्तु अब पांच अंकों वाले टेलीफोन एक्सचेंज से चार अंकों वाले टेलीफोन नम्बर प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं है।

(ख) पुराने चार अंक वाले एक्सचेंज ने पहले ही अपनी अवधि पूरी कर ली है। सेवा में सुधार के लिये गहन अनुरक्षण प्रयत्न किये जा रहे हैं तथा सुस्पष्ट प्रगति प्राप्त कर ली गई है।

(ग) इसमें और सुधार किया जाएगा जब पुराने चार अंकों वाले एक्सचेंज को इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज से बदल दिया जाएगा जिसका 1989-90 में कार्यक्रम है।

स्मारक डाक टिकटों का जारी किया जाना

1368. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) डाक विभाग ने चालू वर्ष में अभी तक कितने स्मारक डाक टिकट जारी किये हैं और ये किन-किन व्यक्तियों के सम्मान में जारी किए गए हैं;

(ख) डाक विभाग आगामी वर्ष के दौरान किन-किन व्यक्तियों के सम्मान में स्मारक डाक-टिकट जारी करने का विचार रखता है; और

(ग) किन-किन व्यक्तियों के सम्मान में ऐसे स्मारक डाक टिकट निकालने की मांग की गयी है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) वर्तमान वर्ष के दौरान अभी तक 52 स्मारक/विशेष डाक-टिकट जारी किय गये हैं जिनकी सूची विवरण-I में दी गयी है (नीचे देखिए)।

(ख) वर्ष 1989 में डाक-टिकट जारी करने के कार्यक्रम को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

(ग) अभी तक जिन व्यक्तियों के नामों के बारे में प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं और जिन्हें फिलैटलिक सलाहकार समिति की अगली बैठक में रखने का निर्णय किया गया है, उनकी अस्थायी सूची विवरण-II में दी गई है (नीचे देखिए)। उक्त समिति स्मारक विशेष डाक-टिकट जारी करने तथा अन्य संबंधित मामलों पर सरकार को सलाह देती है।

विवरण-I

वर्ष 1988 के दौरान जारी स्मारक/विशेष डाक-टिकटों की सूची

विषय	जारी करने की तारीख
भारतीय विज्ञान कांग्रेस संघ का 75वां सम्मेलन	7-1-1988
13वीं एशियायी प्रशांत क्षेत्र दंत कांग्रेस--1988	28-1-1988
मोहन लाल सुखाड़िया	2-2-1988
यू० तिरोत सिंह	3-2-1988
डा० एस० के० सिन्हा	4-2-1988
भाऊ रेजीमेंट की चौथी बटालियन की द्विशताब्दी	19-2-1988
बालगंधर्व	22-2-1988

	विषय	जारी करने की तारीख
	द मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट	24-2-1988
	बी० एन० राय	26-2-1988
	चन्द्रशेखर आजाद	27-2-1988
	जी० बी० पन्त	7-3-1988
	गवर्नमेंट मोहिन्दर कालेज, पटियाला	14-3-1988
	डा० डी० वी० गुंडप्पा	17-3-1988
	रानी अवंती बाई	20-3-1988
	मलयाल मनोरमा के 100 वर्ष	23-3-1988
	महर्षि दधीचि	26-3-1988
	मोहम्मद इकबाल	21-4-1988
	समर्थ रामदास	1-5-1988
	स्वाति तिरुनल राम वर्मा	2-5-1988
	प्रथम स्वाधीनता संग्राम--1957	9-5-1988
	भाऊराव पाटील	9-5-1988
	हिमालय की चोटियां	19-5-1988
	वृद्धों की देखभाल और प्यार	24-5-1988
	विक्टोरिया टर्मिनस, बम्बई के 100 वर्ष	30-5-1988
	लारेंस स्कूल लवडेल	31-5-1988
	खेजड़ी वृक्ष	5-6-1988
	डा० अनुग्रह नारायण सिंह	18-6-1988
	कुलाधार चालिहा	19-6-1988
	रानी दुर्गावती	24-6-1988
	शिव प्रसाद गुप्त	28-6-198
	आचार्य क्षितिदेव	28-7-1988
	बाई० एस० परमार	4-8-1988
	स्वतन्त्रता के चालीस वर्ष--स्वराज	16-8-1988
	दुर्गादास राठौर	26-8-1988
	शरत चन्द्र बोस	6-9-1988
	गोपीनाथ कविराज	7-9-1988

विषय	जारी करने की तारीख
हिन्दी दिवस	14-9-1988
खेल--1988	17-9-1988
बाबा खड़क सिंह	6-10-1988
वन्य जीव (जेडैन करसर)	7-10-1988
भारत--89 (बम्बई जी०पी०ओ० और बेंगलूर जी०पी०ओ०)	9-10-1988
द टाइम्स आफ इण्डिया	3-11-1988
मौलाना अबुल कलाम आजाद शताब्दी	11-11-1988
जवाहर लाल नेहरू जन्म शताब्दी	14-11-1988
बिरसा मुंडा	15-11-1988

विवरण—II

उन व्यक्तियों के नामों की सूची जिनके बारे में प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं और जिनके नाम फिलाटलिक सलाहकार समिति के समक्ष विचारार्थ रखने का निर्णय किया गया है ।

क्रम सं०	व्यक्तित्व का नाम
1.	अय्यादेवरा कालेश्वर राव
2.	ए० एस० सहजानन्द
3.	बाबा दयाल जी
4.	बाबू जगजीवन राम
5.	बेंजामिन जी० होर्निमन
6.	वीर टीकेन्द्रजीत सिंह
7.	विष्णु राम मेधी
8.	चन्द्र सिंह गढ़वाली
9.	सी० पी० आदितनार
10.	चन्द्रधर शर्मा "गुलेरी"
11.	डा० एन० एस० हार्डीकर
12.	डा० बेन गुलीसन
13.	डा० इदा एस० स्कूदेर
14.	डा० वृन्दावन लाल वर्मा
15.	डा० एस० राधा कृष्णन
16.	डा० कोटनीस
17.	डा० एल० पी० तेस्सीतारी
18.	डा० विनय सरकार
19.	डा० सुनीति कुमार चटर्जी
20.	डा० चोइतराम गिडवाणी
21.	जी० डी० नायडू
22.	जी० बी० मावलंकर
23.	गुलाब राय
24.	हेमचन्द्र बंधोपाध्याय
25.	हार्डीकर मंजप्पा
26.	हरे कृष्ण महताब
27.	जाम्बेश्वरजी
28.	कुंदा मल
29.	कृष्ण वर्मा

क्रम सं०	व्यक्तित्व का नाम
30.	कनाई लाल दत्त
31.	के० कलप्पन
32.	लक्ष्मण नायक
33.	मुथुरामलिंग थेवार
34.	मोरनमार बेसीलियस गीवर्गीस II
35.	महर्षि कश्यप ऋषि
36.	माहदजी शिंदे
37.	माधवाचार्य
38.	माखनलाल चतुर्वेदी
39.	नमक्कल कविंगार (श्री रामलिंगम पिल्लै)
40.	नानजीभाई कालीदास मेहता
41.	प्रिय नाथ सेन
42.	प्रो० मोहम्मद बरकतुल्ला
43.	पंडित मुकुट बिहारी लाल भार्गव
44.	पी० एस० शिवस्वामी अय्यर
45.	प्रफुल्ल चाकी
46.	पंडित श्रीपद दामोदर सतवालकर
47.	रामकृष्ण परमहंस
48.	राजेश्वर दास गुप्त
49.	राव तुला राम
50.	राज कपूर
51.	राजा सवाई जय सिंह II
52.	संत कुमारगुरुदास स्वामीगल
53.	संत तालपक अन्नामाचार्य
54.	सवाई मान सिंह
55.	स्वामी सहजानन्द सरस्वती
56.	श्रीदेव सुमन
57.	सर सयाजीराव गायकवाड
58.	संत राम
59.	सर गुरुनाथ बेबूर
60.	सहोदरन के० अय्यप्पन
61.	साध्वी मृगावती
62.	विश्वकर्मा
63.	यशपाल

"महाकुम्भ पर्व" पर स्मारक डाक-टिकट

1369. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आगामी वर्ष इलाहाबाद में लगने वाले 12 वर्षीय महाकुम्भ पर्व के अवसर पर एक विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किये जाने की कोई मांग की गयी है ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है और उक्त विशेष डाक-टिकट कब तक जारी कर दिये जाने की सम्भावना है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) जी, हां ।

(ख) इस प्रस्ताव को फिलैटलिक सलाहकार समिति के समक्ष उसकी अगली बैठक में विचारार्थ रखा जाएगा । यह समिति स्मारक विशेष डाक-टिकट तथा अन्य संबंधित मामलों पर सरकार को सलाह देती है ।

Expenditure of the Advertisements of the Mahanagar Telephone Nigam Ltd.

1370. SHRI SHAMIM HASHMI:

SHRI CHATURANAN MISHRA:

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) how much expenditure has been incurred by MTN Ltd. since its inception in Delhi|Bombay on various advertisements in connection with changes in telephone number and other announcements;

(b) how much money has been spent by Government for engaging services of private advertising agencies;

(c) what would have been the estimated expenditure if instead supplements of changes and additions of subscribers were printed and mailed to Bubscriber$_s$ as i$_n$ the past; and